# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

23/04/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Bhaskar, Kartarpur , (Punjab)**

# आरएएफ के जवानों ने किया रक्तदान



कैंप में मौजूद रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारी और डॉक्टर्स की टीम।

भास्कर न्यूज | करतारपुर

रैपिड एक्शन फोर्स की 114वीं बटालियन के जवानों द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत को प्रोग्राम के अंतर्गत सेक्रेड हार्ट हॉस्पिटल के सहयोग से प्रांगण में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस अवसर पर कमांडेंट मनीष कुमार मीणा ने जवानों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद इंसान की जान बचाई जा सकती है। साथ ही उन्होंने रक्तदान करने वाले जवानों की प्रशंसा की और अन्य जवानों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सेक्रेड हार्ट हॉस्पिटल के डॉक्टर लालवानी, डॉक्टर सहगल, डॉ आरएस बल और डॉक्टर भाग्यलक्ष्मी उपस्थित रहे।

**Patrika, Nagaur, (RAJ)**

## रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान नागौर पहुंचे

# जवानों ने बासनी में निकाला फ्लैग मार्च

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



बासनी में फ्लैग मार्च करते आरएएफ के जवान।



नागौर. सदर थाने से रवाना होते जवान।

**नागौर.** रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान गुरुवार को नागौर पहुंचे। शाम को बासनी में फ्लैग मार्च निकाला। हफ्तेभर तक जवान जिले का चप्पा-चप्पा छानेंगे, इसके साथ संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकालेंगे। ये स्थानीय पुलिस के साथ मुख्य बाजारों के साथ संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण करेंगे। जयपुर से करीब सत्तर जवानों का दल यहां आया है।

आरएएफ की 83 बटालियन के कमाण्डेंट प्रवीण कुमार सिंह के निर्देश पर डिप्टी कमाण्डेंट उगमाराम व सहायक कमाण्डेंट धर्मेन्द्र सिंह मीणा के नेतृत्व में प्लाटून 27 अप्रेल तक जिले में रहेगा। नागौर के बासनी, कुम्हारी, डुकोसी में गुरुवार शाम फ्लैग मार्च किया गया। सदर थाना प्रभारी त्रिलोक सिंह, आरएएफ निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव भी इसमें शामिल हुए। डिप्टी कमाण्डेंट उगमा राम ने बताया कि इस दौरान संवेदनशील इलाकों के साथ, जनसंख्या, भौगोलिक ढांचा और बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी, ताकि भविष्य में साम्प्रदायिक तनाव/आपदा में आरएएफ कारगर ढंग से मदद कर सके। उनकी टीम राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों की भी जानकारी जुटाएगी। उन्होंने बताया कि हर जिले में आरएएफ इस तरह ही समय-समय पर जाकर वहां के माहौल से परिचित होकर इलाके के साथ अन्य जानकारी प्राप्त करती है ,ताकि भविष्य के लिए मुस्तैद रहे। शांति व्यवस्था को स्थापित करने में अपना सहयोग कर सके। यह उनकी फोर्स का एक अभ्यास है। गुरुवार की शाम वाले अभ्यास में निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मीणा, के आर मेघवाल, मुकुट बिहारी जोरवाल ने व्यवस्था संभाली।

Hindustan, Dumka, (JKD)

# आरएएफ की टीम ने छात्राओं को दिया बम डिस्पोजल करने का प्रशिक्षण



कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को हथियार एवं बम डिस्पोजल करने की जानकारी देती आरएएफ की टीम ।

दुमका। दुमका प्रखंड के कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं को गुरूवार को रेपिड एक्शन फोर्स की ओर से हथियार एवं बम डिस्पोजल करने की विस्तृत जानकारी दी गई। आरएएफ के असिटेंट कमांडेंट अनूप सिंह ने बच्चों को ग्रेनाइट और बम को किस तरह डिस्पोजल व लोगों को उक्त स्थान से सुरक्षित बाहर निकाला जाता है। उनकी पूरी जानकारी दी गई।

श्री सिंह ने कहा कि जब कभी भी किसी स्थान में दंगा-फसात होता है या होने की संभावना रहती है, तो आरएएफ की टीम उस स्थान पर पहुंचकर दंगा व भीड़ को नियत्रंण करने में जुट जाती है। श्री सिंह ने दंगा के दौरान जिन-जिन हथियारों का इस्तमाल किया जाता है। उनके बारे में भी छात्राओं को दिखाकर बताया। मौके पर डीईओ मसूटी टुडू, एडीपीओ रविंद्र कुमार, लेखापाल पुष्पलता मुर्मू, रंजना दत्ता, शिक्षका नंदिता मुर्मू, कुमारी अलका, पूजा भारती मौजूद थे।

**Dainik Jagran, Dumka, (JKD)**

# छात्रा ने पूछा, क्या युवतियां भी सेना में हो सकती बहाल

जागरण संवाददाता, दुमका : जमशेदपुर से आए रैपिड एक्शन फोर्स के सदस्यों ने गुरुवार को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया और बच्चों को कई तरह की जानकारी देकर प्रोत्साहित किया। कंपनी के सहायक कमांडर अनूप सिंह ने बताया कि परिचयात्मक अभ्यास चल रहा है। इसमें संवेदनशील इलाकों में अलग अलग कार्यक्रम का भौगोलिक स्थिति की जानकारी एकत्र करने का प्रयास है।



कोरैया स्थित कस्तुरबा विद्यालय में गुरुवार को अभ्यास शिविर में शामिल छात्राएं • जागरण



छात्राओं को गुरुवार को हथियार चलाने की जानकारी देते कमांडर • जागरण

यह जानने का प्रयास किया कि अगर कहीं पर दंगा हुआ है या फिर होने की संभावना है। ऐसी जगहों के स्थल को समझने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों को बताया कि किस तरह से कंपनी काम करती है। कम संसाधन में किस तरह से दंगा को नियंत्रित किया जाता है। जिले में सीआरपीएफ नहीं है। बच्चों को बताया कि फोर्स किस तरह से काम करती है। बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे भी उनकी तरह देश की सेवा के लिए आगे आ सकते हैं। उन्होंने यह समझाया कि दंगा होने पर किस तरह से कदम उठाने पड़ते हैं। जवानों ने बाकायदा मेज पर हथियार रखकर उन्हें चलाने के बारे में बताया। कुछ छात्राओं ने हथियार को हाथ में उठाकर कई सवाल किए। किसी ने पूछा कि इसमें चलाने में परेशानी तो नहीं होती है।

इस पर कमांडर ने बताया कि अभ्यास के बाद चलाने में कोई दिक्कत नहीं आती है। एक छात्रा ने पूछा कि जवान बनने के लिए क्या करना होगा। क्या युवतियां भी जवान बन सकती है। इस पर कमांडर ने कहा कि अब युवती किसी से पीछे नहीं है। इंटर के बाद कोई भी शारीरिक परीक्षा पास कर देश की सेवा करने के लिए आगे आ सकते हैं। हर सेना में महिलाएं काम कर रही हैं। बताया कि अगर कोई उनकी तरह बम फेंकता है तो उसे किस तरह से निष्क्रिय करना है। डीईओ मसुदी टुडु ने छात्राओं को देश की सेवा के लिए आगे आने को प्रेरित किया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य मंदिता मुर्मू, रंजना दत्ता, पूजा भारती, अलका कुमारी, पुष्पलता मुर्मू, एडीपीओ रविंद्र कुमार व प्रशिक्षक आरपी राव मौजूद थे

# Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF






**106BN RAF TEAM GAVE DEMONSTRATION TO KASTURBA GANDHI RESIDENTIAL GIRLS SCHOOL, DUMKA. (JKD)**

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**